# Satya ka Avahan

# सत्य का आवाहन

*Invoking the Divine*

Year 5 Issue 6 November–December 2016
Membership Postage: Rs. 100



Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

Hari Om

Satya ka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda and Swami Niranjanananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

**Editor**: Swami Yogamaya Saraswati

**Assistant Editor**: Swami Sivadhyanam Saraswati

**Published** by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

**Printed** at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2016


**Membership** is held on a yearly basis. Late subscriptions include issues from January to December. Please send your requests for application and all correspondence to:

**Sannyasa Peeth**
Paduka Darshan
PO Ganga Darshan
Fort, Munger, 811201
Bihar, India

✉ A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request

*Front cover*: Sri Swami Satyananda Sannyasa Diwas 2016, Ganga Darshan, Munger

*Plates*: 1–3: Sri Swami Satyananda Sannyasa Diwas; 4–7: Sri Swami Satyananda's Birthday/ Christmas celebrations 2016; 8: Swami Niranjanananda and Dharma



## SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी


I have practised every form of yoga, from the Himalayas to Rameshwaram. But ultimately I found that when I began to think about others, God began to think about me. If you can help your fellow beings even a little, God will most certainly shower his grace upon you. By doing good to others, your mirror will become clean. One day you will see yourself very clearly and exclaim in realization, "Oh, I am Brahman!"

*—Swami Satyananda Saraswati*

हिमालय से रामेश्वरम् तक मैंने हर योग का अभ्यास किया। अंत में यही देखा कि जब मैं दूसरों के बारे में सोचने लगा तो भगवान भी मेरे बारे में सोचने लगे। अगर तुम दूसरों की थोड़ी-सी भी मदद कर सको तो भगवान तुम पर अपनी कृपा अवश्य बरसायेंगे। दूसरों की सेवा करने से तुम्हारा दर्पण साफ होता जाएगा। एक दिन तुम उस दर्पण में अपने आपको साफ-साफ देखोगे और कह उठोगे, 'अरे, मैं ब्रह्म ही तो हूँ!'

*—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती*

**Published** and printed by Swami Shankarananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
**Printed** at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
**Owned** by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Yogamaya Saraswati



Satya ka Avahan
सत्य का आवाहन
Invoking the Divine
Year 5 Issue 6 • November–December 2016

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥

*"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."*

—Rantideva

# Contents

This issue of *Avahan* is dedicated to Sri Swami Satyananda Saraswati.

2 शिव का सत्य शिष्य
4 On Satya
7 Three Roles of Sri Swamiji
11 सच्ची सिद्धि–सत्यं-शिवं-सुंदरम्
15 The Sankalpa of a Sage
18 A True Human Being
21 सम्राटों के सम्राट्
24 उद्देश्य की पूर्ति रिखिया से
31 The Sun of Hope
36 The State of the Liberated One
41 आराध्य के श्री चरणों में
43 Meeting Sri Swamiji
45 Sadhana for Practising Atmabhava

# शिव का सत्य शिष्य

स्वामी शिवानन्द सरस्वती



शिवानन्द का शिष्य दिव्य गुणों की खान है। वह कुलीन, कोमल और करुणामय स्वभाव का है। उसके हृदय में अपार दया है। वह कभी कुछ माँगता नहीं, बल्कि देता ही जाता है। उसका हृदय विशाल है। वह सबसे हिलमिल कर रहता है और सब से प्रेम करता है। वह भगवान के दिव्य नामों का संकीर्तन करता है। वह जप और ध्यान करता है। वह आसन और प्राणायाम का अभ्यास करता है। वह बहुत प्रवीणता से सेवा करता है। वह समग्र योग की साधना करता है। वह अपने विचारों को नियंत्रित रख पाता है। वह व्यावहारिक वेदान्ती है। वह भोजन पकाता है, प्रूफरीडिंग और टाइपिंग करता है, मरीजों की सेवा करता है, व्याख्यान देता है, लेख लिखता है, कक्षाएँ संचालित करता है, आध्यात्मिक ज्ञान वितरित करता है, फिर भी सरल और विनम्र रहता है। वह बड़े प्रेम से दरिद्रों की सेवा करता है। वह सभी धर्मों और सम्प्रदायों के प्रति आदर का भाव रखता है। वह बोलता कम है, काम ज्यादा करता है। ऐसे शिष्य के लिए कर्म ही पूजा है। उसमें सेवा भाव कूट-कूट कर भरा है। उसमें भक्त, योगी और ज्ञानी–तीनों के गुण विद्यमान हैं। ■


**योग्य शिष्य**

स्वामी सत्यानन्द जी के 31वें जन्मदिवस पर प्रकाशित अभिनंदन ग्रंथ में ऋषिकेश के स्वामी गोविन्दानन्द शास्त्री ने *सद्वर्याणां योग्य: शिष्य:* नामक संस्कृत लेख में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा था, ... *श्रुतं यत् स्वामिशिवानन्दै: अस्य दीक्षादानकाले चोक्तं – 'यदद्य मया मनोऽभिलषितो योग्य: शिष्य: प्राप्त:। भविष्ये मे कार्यविस्तारेऽयं सहायक: सफलश्च भविष्यति।'* अर्थात् सुना है कि स्वामी शिवानन्द जी ने इन्हें दीक्षा देते समय ही कहा था–आज मुझे मनचाहा योग्य शिष्य प्राप्त हो गया। भविष्य में यह मेरे कार्यविस्तार में न केवल सहायक होगा बल्कि सफल भी।

# संन्यासी के प्रति

लोग आध्यात्मिक ज्ञान की गहराई में
गोता लगाने को व्याकुल हैं,
पर उनका कोई मददगार नहीं।
मानव का आध्यात्मिक विकास
अब रुकेगा नहीं,
लोगों में समर्पण और स्वतंत्रता
की चाह बढ़ी है।
तुम उनका सम्बल बनो,
उन्हें इस महान् यज्ञ में दीक्षित करो।
करोड़ों के लिए चलने की ठान लो,
अनेकों की खुशी के लिए,
अनेकों के मार्गदर्शन के लिए,
अनेकों के उत्थान के लिए–बढ़े चलो।
ज्ञान-दान को भौगोलिक नक्शों की
चारदीवारों में मत रुकने दो,
धार्मिक मत-मतान्तरों के वाद-विवाद,
राजनैतिक और सैद्धान्तिक विचारों के बन्धन,
किसी को रास्ते का रोड़ा न बनने दो।
ऊँच-नीच, जाति-भेद और रंग-रूप का विचार
यह सब संन्यासी के लिए नहीं है।
न सफेद, न काला, न पीला, न भूरा,
बस पीड़ित मानवता के लिए
चलते रहो निरन्तर ...


*–श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती*



# On Satya


*Swami Sivananda Saraswati*

- Truth, Love, and Purity – these three constitute Divine Life.
- Discrimination and Purity are the hubs in which the axle of Truth is fixed.
- Truthfulness is the first pillar in the temple of the Lord.
- Truthfulness and Love are the wings which raise us to God.
- There is no virtue higher than Truth.
- Truth is the bestower of immortality and bliss divine.
- Truth is the basic law of life. Truth is a means and the goal.
- Truth is justice, fairplay and adherence to the fundamental laws of ethics, of right conduct.
- Truth is the law of life; falsehood is the law of death.
- Practice of Truth is the greatest penance.
- Truth is the law of unselfish love for the individual and the world alike.
- Truth and Love do not clash with each other.
- Think truly. Speak truly. Live truly. Act truly.
- To be pure, to be spiritual, is to be True.
- Practice of Truth will gradually transform your life.
- Being truthful means stating a thing as it is or expressing a thing as it is.
- Truth denotes the practising of all the divine virtues.
- If you want quick progress in the spiritual life, if you are to attain God realization, then adhere to Truth without any selfish consideration.
- Truth is the very core and essence of the law of God, which is the foundation of all spiritual practices and divine life.
- Truth must be discovered in the depth of your own being.
- Truth is Brahman. Truth is Atman. Truth is quite pure and simple. You cannot realise the Truth without reflection and meditation. Be silent, Know thyself. Know That. Melt the mind in That. ■



# Festival of Life

Oh Penance, where have you descended from
With your rhythms, offerings and garlands
To celebrate your festival of life
In this austere sannyasin's hut?
Which grief of the past have you come to exhaust here?
Where only countless freezing nights
And scorching days pass to mark the seasons.
At the fireplace in front, the flames so often kindled
Dance and sing, fanned high by the wind
Only to be extinguished by passing storms,
Then rekindled again.
Countless fire ceremonies took place like this.
Many crows and monkeys also took refuge here
And innumerable grief stricken people found relief.
This torn geru cloth witnessed the coming and going
Of a multitude who bowed their heads to it.
While I remained naked, drenched by rains,
Roasted by fire and sun
On heaps of burning sand, ever absorbed in you.
I developed logic by reading all the scriptures
My knowledge awakened and meditation occurred.
With mantra siddhi and control over spirits
I am replete.
Having renounced enjoyment,
I became pure and liberated.
The sky, sea, so many mountains and Shiva temples
I am king of all.



Renouncing everything, free from all doubts
Today I walk the divine path,
An image of illumination
On land and in the sky.
And now you come with your brilliant lamp
To brighten my hut,
With your flowing stream of compassion
To lighten and soften the austere life of this sannyasin.
Now my life will be joyful, with many festivals.

In the womb of penance,
Knowledge awakes.
With scores of cherished dreams
Today my bed is decorated.
Penance has come this time
To awaken me
And make me laugh.
Today I am content;
Come, let us celebrate
This festival of life
By working for mankind.

*—Swami Satyananda Saraswati*

# Three Roles of Sri Swamiji

*Swami Niranjanananda Saraswati*



We know Sri Swamiji as our guru, our guide, our master, but he lived many different roles in his life. Despite living these different roles, he identified with just three. The true character and nature of Sri Swamiji was played out in three roles that became his identity.

The first role was that of the disciple; the second was of the sannyasin; and the third was of the sadhaka. These are three aspects of his life with which he identified immensely, deeply and totally.

**A disciple**

In the first role, that of a disciple, the excellence of his discipleship is seen in the eulogy written by Swami Sivananda, his master, his guru. Usually it is disciples who write tributes to the guru, but here for the first time in history the guru wrote a tribute to his disciple. Why did Swami Sivananda honour his disciple? Because he was good? Because he was obedient? Because he did all the work? No. Because in him the qualities of discipleship were awakened.

There are many initiates, only a few disciples. As a figure of speech you may say, "I am a disciple." However, in reality, if you ask yourself the question, "Am I a disciple?" and answer sincerely, ninety-nine percent will have to say, "No, I have not yet become a disciple."

Discipleship is not attained by taking initiation. Discipleship is not attained by living in an ashram environment. Discipleship is not attained with the practice of yoga, meditation, havans and poojas. Discipleship is attained when there is total identification of the disciple with the guru. Prior to that: nothing. Therefore I say there can be many initiates, but true disciples in whom that power, that energy, that *shakti* of guru has descended and overpowered their life, you can count them on your fingers. It is this kind of disciple that the guru is waiting for.

When Swami Sivananda gave Swami Satyananda the mandate to go and propagate yoga, Swami Satyananda said to him, "You are giving me an order to fulfil, but I know nothing about the subject of yoga. How do you expect me to do something about which I have no idea, no concept, no knowledge, no understanding?" Swami Sivananda took him to his room and in ten minutes he downloaded, transferred, all the information from his 'hard drive' to the 'hard drive' of Swami Satyananda.

That is called *shaktipat*, the transfer of knowledge and energy from guru to disciple, like you transfer data in computers. If it is a slow connection, the transfer will take a long time. If the connection is quick, the transfer will take a short time. That is the concept of shaktipat; it is not to enable you to see flashes of light. Nothing like that happens. It is only transfer of energy and consciousness from one to another; it is replication. The disciple becomes the guru. When you transfer the information of one hard drive on to another, what does it become? The mirror image of the first hard drive. It becomes the original disk. In the same way, the guru becomes the disciple; the disciple experiences that guru tattwa.

When Sri Swamiji left the Rishikesh ashram, Swami Sivananda said to the other people gathered there, "Look, the sadhu who goes there is my true successor." Many are empowered to sit on the chair of an organization, many are selected, appointed and replaced, but they need not be the successor of the guru. Swami Sivananda remarked, "There goes my spiritual successor, without shoes on his feet, with just my blessings and the grace of God – to fulfil a mission, a mandate which I have given."

Sri Swamiji gave Swami Sivananda's mandate the topmost priority. He put all his own ideas of how he would live the teachings of his guru, how he would live his own sannyasa life, on the backburner. His priority was to fulfil the mandate of his guru.

If you are told to do something, you tell your own guru, "Wait a minute, first I have to go to the bathroom." In Sri Swamiji's life, everything else was secondary, fulfilling the mandate of his guru was primary. He had become Swami Sivananda, as a disciple. That is his discipleship, *shishyatva*.

**A sannyasin**

Swami Satyananda was a sannyasin. Did he take sannyasa to escape from the troubles of life? Did he take sannyasa to retire into the forest and mountains and survive on air and ice? Did he take sannyasa to become a guru, to be adored by thousands? Sannyasins have their ambitions. Most sannyasins want to have their 'Facebook'. They want to put up their picture on the Facebook to satisfy their own egos.

Swami Satyananda did not have any ego in his sannyasa. It was a lifestyle that he chose, a conscious decision, and he lived it. For Sri Swamiji it was his choice, his decision and he maintained the disciplines, the *sanyam*, of his sannyasa path. Therefore as an example of sannyasa today, we can see the life of our guru Swami Satyananda. He lived that life of dedication and perfection, which allowed him to transcend what he perceived to be his own nature. It was this identity that has made him what he is today.



**A sadhaka**

The third aspect of Sri Swamiji's life was his sadhana. His karma was his sadhana. Whatever he did, according to the situation, time or need, that action became his sadhana. Not for personal gratification. No event or situation was for his own personal happiness or gratification. In the fifty years of knowing him, I did not see a single second in which he did not think about others. Not a single second. Whether he was administering the ashram or out among the people, whether he was teaching yoga or doing tapasya, it was giving which he enjoyed, as that was the mandate and commandment of his guru. All his actions became the sadhana to uplift and transform others' lives.

These are the three traits that have made Sri Swami Satyananda what he is today. Such a mentality and samskaras are extraordinary. After all, how many people are born with such samskaras? Only when the Great Spirit feels some compassion for us does an avatara descend to bring us new hope and new inspiration, to give a new direction and teach us how to transcend the limitations of the self. If we can recognize that, then we will discover that the presence of Sri Swamiji is within us, inspiring us to attain these three qualities in our own lives: to be a sadhaka, to be a sannyasin and to be a shishya.

*– 8 December 2011, Yoga Poornima, Rikhiapeeth*

गुरु भक्ति योग पर सत्संग

# सच्ची सिद्धि-सत्यं-शिवं-सुन्दरम्

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

यहाँ अखाड़ा परिसर में 5 और 6 तारीख को हमलोग गुरु भक्ति योग दिवस के रूप में मनाते हैं। यह हमारे गुरुजी की समाधि का दिन है। उनकी समाधि की विशेषता यह कि उन्होंने स्वेच्छा से, जीते-जागते समाधि प्राप्त की। हम केवल इतिहास में पढ़ते हैं कि योगी ध्यान की अवस्था में, मंत्रों को उच्चारण करते हुए, प्राणों को ऊर्ध्वगामी बनाकर अपनी चेतना को परमात्मा से एकाकार कर देते थे। पढ़ा जरूर था, लेकिन कभी अवसर नहीं मिला था ऐसी सुन्दर परिस्थिति का साक्षी बनने का और वह संभव हुआ जब हमारे गुरुजी ने समाधि प्राप्त की। जैसा हम लोग पढ़ते थे, जैसा हम लोग कहानी में सुनते थे, उसी तरीके से उन्होंने समाधि को प्राप्त किया–ध्यान की अवस्था में, मंत्र उच्चारण के साथ, ईश्वर, गुरु और मातृशक्ति का स्मरण करते हुए, प्राणों को ऊर्ध्वगामी बनाकर, स्वेच्छा से और पूर्ण चेतन अवस्था में। यह दर्शाता है मनुष्य की उस अवस्था को जिसमें वह मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कर लेता है। मृत्यु तो सबकी होती है, लेकिन मृत्यु कब आकर ले जाती है, किसी को मालूम नहीं रहता। मृत्यु आती है तो आदमी वासनाग्रस्त होकर मरता है, लेकिन समाधि में चित्त परमात्मा में एकाकार हो जाए और इतने मंगलकारी तरीके से प्राण और आत्मा शरीर का त्याग करें, यह केवल एक सिद्ध के लिए संभव है।

सिद्ध कहते किसको हैं? जो चमत्कार करता है, जो जादू-टोना-टोटका करता है, क्या उसी को सिद्ध कहते हैं, या जिसने अपने जीवन में सत्यम् को जाना, सुन्दरम् को जाना और शिवम् को प्राप्त किया, उसे सिद्ध कहते हैं? मनुष्य जीवन की असली सिद्धि है सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम् के लक्ष्य की प्राप्ति। यह केवल दार्शनिक विचार नहीं है, बल्कि जीवन का सत्य और यथार्थ भी है। जीवन का, जीने का यही प्रयोजन है कि हम सत्यम्, शिवम् और सुन्दरम् को जानें। मात्र धार्मिक या दार्शनिक दृष्टि से नहीं, बल्कि व्यावहारिक, जीवन्त अनुभूति के रूप में। और योग इस अनुभूति के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

लोग योग को आसन से जोड़ते हैं, प्राणायाम से जोड़ते हैं, ध्यान से जोड़ते हैं, तनावमुक्त होने की विधियों से जोड़ते हैं। ठीक है, मानता हूँ, यह सब संभव है, लेकिन योग यहाँ तक सीमित नहीं है। जो व्यक्ति योग को सिर्फ आसन से या प्राणायाम से या ध्यान से या कुण्डलिनी से जोड़ता है, वह योग के एक पक्ष का ही ज्ञान रखता है। वह ज्ञान आंशिक इसलिए है कि वह अहंकार से प्रभावित होता है, वासना और कामना से प्रभावित होता है। जब मनुष्य वासना, कामना और अंहकार



से प्रभावित होकर योग करता है तो केवल आसन, प्राणायाम, जप या ध्यान तक ही सीमित रहता है, उससे आगे नहीं बढ़ सकता क्योंकि वहीं पर उसकी पूर्णाहुति हो जाती है। आपकी इच्छा क्या है? बिमारी है तो वह ठीक हो जाए। शरीर कमजोर है तो स्वस्थ हो जाए, स्फूर्तिमान् हो जाए। मानसिक या भावनात्मक चिंता है, तनाव है, तो उससे मुक्ति मिल जाए। लेकिन बस यही सब योग नहीं है। यह अपनी इच्छा के अनुरूप योग है। करना चाहिए, ठीक है, लेकिन उतना करके फिर योग की वास्तविकता को भी जानने का प्रयास करना चाहिए। और योग की वास्तविक शुरुआत होती है सत्य की खोज से, सत्य के अनुसंधान से।

जिस सत्य की मैं बात कर रहा हूँ वह आत्मा-परमात्मा का सत्य नहीं है, मात्र धार्मिक या दार्शनिक सिद्धान्त नहीं है। सत्य की खोज बाहर नहीं, भीतर होती है। सत्य की खोज का मतलब होता है कि अपने जीवन में अहंकार, मद, अभिमान, घमण्ड, प्रतिशोध या ईर्ष्या के जितने मुखौटे हमलोग पहनते हैं, उन सब मुखौटों को अलग कर देना और अपने वास्तविक स्वरूप को देखना। मन को समझना, मन की परिस्थिति को बदलना और मन की चंचलता को समाप्त करके स्थिर करना, यही मनुष्य जीवन में सत्य की स्थापना होती है।

अगर आपसे पूछा जाए कि आप हो कौन तो आपका उत्तर क्या होगा? आप कह सकते हो, 'मैं आत्मा हूँ या मैं ईश्वर का अंश हूँ।' आप कह सकते हो, 'मैं शरीर हूँ।' आप कह सकते हो, 'मैं इच्छा हूँ, वासना हूँ, कामना हूँ।' किसी भी रूप में आप अपने आपको परिभाषित कर सकते हो, लेकिन वास्तविकता यह है

कि आप अपने मन की ही अभिव्यक्ति हो, और कुछ नहीं। जब मन में काम है तो जीवन में काम है। जब मन में क्रोध है तो जीवन में क्रोध है। जब मन में घृणा है तो जीवन में घृणा है। जब मन में शत्रुता है तो जीवन में शत्रुता है। जब मन में द्वेष है तो जीवन में द्वेष है। जब मन में शांति हैं तो जीवन में शांति है। जब मन में प्रेम है तो जीवन में प्रेम है। आप अपने मन के ही जीवन्त रूप हो, और कुछ नहीं। आत्मा नहीं हो क्योंकि उसका अनुभव नहीं है। क्या लकड़ी कहेगी कि मैं अग्नि हूँ? लकड़ी में अग्नि छिपी है, यह बात निर्विवाद है, लेकिन लकड़ी यह नहीं कह सकती है कि मैं अग्नि हूँ क्योंकि अग्नि का अनुभव उसको है नहीं। और जब अग्नि का अनुभव लकड़ी को हो जाता है तो वह फिर लकड़ी नहीं रहती, भस्म बन जाती है। इसी प्रकार से यह कहना कि मैं आत्मा हूँ, मन की कल्पना मात्र है, दर्शन की बात है और कुछ नहीं। यथार्थ में आप आत्मा ही हो, लेकिन उसका ज्ञान आपको अभी नहीं है और न उस तक कभी पहुँच पाओगे क्योंकि जलना तो कोई चाहता नहीं है।

आप हो अपना मन और मन को शांत करने की विधि है सत्य का अन्वेषण। जब मन शांत हो जाता है तो सब मुखौटे हट जाते हैं और सौन्दर्य की ओर ध्यान जाता है। सौन्दर्य किसको कहते हैं? हर मनुष्य के भीतर जो अच्छाई है वह उसका सौन्दर्य है। तुम जो अच्छा करते हो वह तुम्हारा सौन्दर्य है। तुम जो अच्छा सोचते हो वह तुम्हारा सौन्दर्य है। तुम अगर किसी के बारे में बुरा सोचते हो तो वह तुम्हारा सौन्दर्य नहीं है। दूसरा अच्छा कर रहा है, तुम उसका प्रोत्साहन कर रहे हो तो तुम उसके भीतर के सौन्दर्य का प्रोत्साहन कर रहे हो। दूसरा परिश्रम कर रहा है और तुम जबरदस्ती उस पर दोषारोपण कर रहे हो तो तुम उसके सौन्दर्य को प्रोत्साहित नहीं कर रहे हो। जब जीवन की अभिव्यक्ति का मनुष्य सम्मान करे और उसमें सहयोग दे तो वह भी सौन्दर्य ही कहलाता है। उसके बाद जब दृष्टिकोण बदल जाता है तब जाकर मनुष्य शिवत्व में अपने आपको स्थित कर पाता है।

यह प्रक्रिया है साधनात्मक योग की और जो इस योग के माध्यम से सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम् को प्राप्त कर लेता है वही योगी कहलाता है, वही सिद्ध कहलाता है। हमारे गुरुजी आधुनिक युग में ऐसे सिद्ध रहे हैं जिनका जीवन योग से ओत-प्रोत रहा है। लोग कहते हैं कि उन्होंने योग का प्रचार किया, लेकिन हम कहते हैं कि स्वामी सत्यानन्द के कारण योग को इस युग में जीवनदान मिला। और वह योग है सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम् की प्राप्ति का, केवल हठयोग नहीं, केवल राजयोग नहीं, केवल क्रिया-कुण्डलिनी योग नहीं। यह सब तो कोई भी किताब से पढ़कर कर लेता है और सिखला भी देता है। समाज में ऐसे हजारों लोग भरे पड़े हैं जो योग की किताब लेकर घर-घर जाकर पैसे कमाने के लिए लोगों को योग सिखाते हैं। लेकिन जो पद्धति मनुष्य को उसके जीवन की शुद्धता के साथ जोड़े और उसकी



प्रतिभा को विकसित करे वही असली योग होता है और उसी योग से जीवन में पूर्णता की प्राप्ति होती है, सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम् की प्राप्ति होती है। हमारे गुरुजी ज्वलन्त उदाहरण हैं जिन्होंने इस अवस्था को प्राप्त किया और उन्हीं की स्मृति में हम लोग यहाँ पर 5 और 6 तारीख को रुद्राभिषेक और देवी की आराधना करते हैं।

*–6 फरवरी 2014*

---

**गुरु भक्ति योग पर सत्संग** – *गुरु भक्ति योग श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती की स्मृति को समर्पित मासिक साधनात्मक अनुष्ठान है। श्री स्वामीजी 5 दिसम्बर 2009 को महासमाधि में लीन हुए थे और 6 दिसम्बर को उन्हें रिखियापीठ में विधिवत् भू-समाधि दी गई थी। प्रत्येक महीने की 5 और 6 तारीख को सत्यम् उद्यान में आयोजित इन अनुष्ठानों के माध्यम से श्री स्वामीजी के शिव और शक्ति तत्त्वों से संयोग को मनाया जाता है। इस साधना के दौरान स्वामी निरंजनानन्द जी द्वारा दिए सत्संगों में एक विशेष ऊर्जा और प्रेरणा रहती है जो श्रोताओं के हृदय को अनायास छूकर उन्हें श्री स्वामीजी के और समीप ले जाती है।*

# The Sankalpa of a Sage

*Swami Satyasangananda Saraswati*

Sitting here by the Ganga at Paduka Darshan, the memories are all coming alive, of the time spent with Gurudev in Munger.

Living with him was an unfoldment each day, of a new sankalpa, a new ideal, a new value, a new principle. Every day was a teaching, not with sermons or satsang, but just by the way that he lived, the way that he thought, his priorities, what he gave importance to. It is the sankalpa of Sri Swamiji that you see in Ganga Darshan and in Rikhia. This sankalpa was unfolding even at that time.

Sri Swamiji's sankalpa was not a limited one; it was a universal sankalpa. Even to think about it, the mind boggles. It was not related to one time or one place; it was related to something more universal. That was evident even at that time in Munger.

The most important thing in life is sankalpa. That doesn't mean that today itself you just get up and make a sankalpa. Sankalpa has to be well-thought, well-planned, well-executed. In fact, many times we make a sankalpa which is more than we are capable of undertaking.

We simply do not have enough energy to fulfil the sakalpas that we undertake. The sankalpa of Swamiji was not of that kind. It was like a missile that is bound to reach its destination. However, even a missile, a satellite sometimes needs an additional support, an energy, to go further into space, and that is called *shakti*. A shakti is required to fulfil the sankalpa. Without shakti you cannot do anything. You cannot perform even the minutest task of passing your examination or looking after your home. You cannot think, you cannot act without shakti. And the most important point is that shakti is only available, only possible, only becomes abundant in one's sankalpa and in one's life, when there is unity, *ekata*. Therefore

we have to think about unity, not the individual but unity. We have to think of a united sankalpa.

One has to align oneself with a universal sankalpa such as that of Sri Swamiji. You have your individual sankalpas no doubt, but don't limit yourself to that. By aligning with the sankalpas that are universal in vision, you seek prosperity, plenty and peace for everyone, not just for your own tribe, family, society, nation, or even your own world, but for the entire creation, every dimension. That is the vision of Sri Swamiji: peace, plenty, and prosperity in all lokas, beginning with this one because here is where all the trouble takes place.

Remember that Gurudev's sankalpa was not only of a sannyasin; his sankalpa was of a disciple, of a paramahamsa, of an avadhoot. He had many sankalpas. We limit ourselves to one sankalpa for our whole life, but his sankalpas kept evolving and he kept revealing and revealing, and there are many more that are yet to be revealed.

There is no force in the world that can stop the fulfilment of the sankalpa of a siddha mahapurusha, as Swami Satyananda was, as Swami Sivananda was. But the question is, how much can we contribute to the fulfilment of that sankalpa? You can contribute by becoming one with it. To become one with it you don't have to become something but you have to become nothing. In Hindi there is a word, 'nihatta', *nihatta bano,* become unarmed, drop all your weapons. You are helpless, you can do nothing.

The day you realize you are helpless, you have nothing, you are nobody, that is the day you will be granted the grace, the strength, the positivity to fulfil the sankalpa – not before. Till then you will get whatever measure you can sustain. After all, energy can be dropped right now like a bolt of lightning, but will you be able to handle it? Most people will not be able to. Therefore, don't just pray for grace, also pray that you are able to sustain it, you are able to hold it, you are able to balance it.

Today each one of us should take the sankalpa to align more and more with the teachings which we receive in abundance.

There is no use just paying lip-service to them. Today you have to also take a sankalpa that the vision of a divine light, a universal light, a universal individual, made by a universal sannyasin who does not work only for himself or his creed, should bear fruit further. That is the sankalpa of Gurudev. We should all have universal vision. We should all have divine vision. We should all have love for one another. We should all have kindness for one another. We should all serve one another. That is the sankalpa with which we should align ourselves at Sannyasa Peeth today, for the blossoming of all the sankalpas of Gurudev.

Sitting here at the Lakshmi-Narayana Yajna we see a beautiful flower emerging. A beautiful thought, a beautiful idea, a beautiful force, a beautiful energy that is emerging from the banks of the Ganga. And therefore, if this sankalpa of Gurudev appeals to you, attracts you and you see great insight in it for a better world and a universal vision, then align with it, align with it.

*– 12 September 2015,*
*Sri Lakshmi-Narayana Mahayajna,Paduka Darshan*



# A True Human Being

*Swami Dharmashakti Saraswati*



"It is easy to become God," Sri Swami Satyananda used to say, "but very difficult to become a true human being." And I am taking the liberty to write about a genuinely great human being.

Bhumandaleshwar Swami Sivananda fashioned a radiant sun from the light of his own luminous soul, whose life-giving rays are now permeating each and every speck of this world. Sri Swamiji left his home at the tender age of nineteen and destiny brought him to the feet of Swami Sivananda. Twelve years of difficult and harsh ashram life gave him valuable insights into the human condition. He realized that putting on a 'holier-than-thou' attitude and 'preaching-from-the-pulpit' could not be the aim of his life. He must live the life of a common man. And in 1956 he set out towards his goal with the blessings of his guru Swami Sivananda.

Theoretical knowledge is useful for attaining discrimination, but in Sri Swamiji's opinion, knowledge must be imbibed and made practical in one's life. One should not only know and understand the spiritual truths but mould one's life in accordance with them. Our knowledge of yoga was

encapsulated in cryptic sutras and only a few Indian aspirants understood them. But now hundreds and thousands of aspirants throughout India and the entire world know about kundalini shakti and practise asana and pranayama, ajapa japa and kriya yoga. The Yoga-Ganga is for the benefit of one and all.


Sri Swamiji's goal is to inculcate yogic qualities and virtues in the human mind. He has shattered the walls of misconceptions and ignorance that surrounded this life-giving treasure of yoga. He has been waging a crusade to liberate the science of yoga from the ancient vault-like scriptures it had remained entrapped within.

Sri Swamiji once said, "My mission is a divinely ordained path, whose final destination is the transformation of human society and civilization into a divine one. This is my sadhana, which I shall keep on practising till the end of my life." Following the maxim of *vasudhaiva kutumbakam,* Sri Swamiji is striving to transform the whole world into a single family.

To constantly remain aware of Sri Swamiji's aforesaid statement and to always strive in that direction is the first and foremost duty of his disciples, devotees and members of the institutions he has created. We have to work hard to improve our surroundings, wherever we may be. Adopting an attitude of love and compassion, we must create a giant, global family. In order to keep alight the flame of world peace and universal brotherhood, we must consecrate our lives in this noble yoga yajna of Sri Swamiji.

Sri Swamiji set off alone from his guru ashram, but people kept joining on the way and his caravan kept on increasing. And it shall go on increasing in the future as well . . . Sri Swamiji was unattached like a lotus leaf from the very beginning and that is how he will always remain. What he says, he does, and what he does, he says. His speech and action have always been congruent. This is what I have seen, understood and experienced over the course of my long association with Sri Swamiji.

– *Extracted from* Mere Aradhya



# No Greater Power than Faith

In the dictionary of faith
There is no such word as impossible.
With full faith and conviction, I say,
"Nothing is impossible."

With full faith and conviction
You can be anything in life
Regardless of what you are today.
Faith will never fail,
As it is deeper than thought, belief and intellect.
Faith will never fail,
As it is an expression of the inner spirit.

Once you realize faith,
You realize God.
So tell me, what is impossible?

*—Swami Satyananda Saraswati*

# सम्राटों के सम्राट्

स्वामी सत्यव्रतानन्द सरस्वती



मुंगेर में 18 जुलाई 1970 को गुरु पूर्णिमा मनाने के बाद सबकी इच्छा थी कि पूज्य गुरुदेव का 'जन्म दिवस' भी मनाया जावे। हमेशा पूज्य स्वामी जी इसका विरोध करते थे, इसलिए सबने मुझे उन्हें समझाकर किसी भी तरह हो, अनुमति लेने का महान् कार्य सौंप दिया। चाहता तो मैं भी था, पर याद आए धर्मशक्ति को भेजे उनके पत्र के वे शब्द, 'नादान बच्ची! तुम्हारी व हमारी उम्र तुम्हारे ही हिसाब से है क्या? न जाने तुम्हारी कितनी उम्र हो चुकी होगी, कई जन्म हुए होंगे, शरीर कई बार अरुणोदय में उदय और संध्या में अस्त हो चुका होगा, इसलिए बसन्त और पतझड़ का प्रश्न ही नहीं उठता। आत्मा अजर-अमर है, अविनाशी है। जन्मदिवस का प्रश्न ही कैसा?'

योग साधना में उन्होंने सुशीला को लिखा है—'मेरा जन्म कब हुआ है, किसी को पता नहीं है, और तुम्हारा तो जन्म ही नहीं हुआ है। तुम तो अभी गर्भ में हो। संसार में मुठ्ठी भर लोग ही हैं जिन्होंने अभी जन्म लिया है।' वे इतने ऊँचे धरातल पर इस बात को सोचते हैं, और मुझे उनसे अनुमति लेनी है!

भगवान को भी भक्तों के लिए सब कुछ करना पड़ता है। हमें भी अनुमति मिल ही गई और हम सब विशेष आयोजन में जुट गए। भजन-कीर्तन, फूल-माला,

पूजा-प्रसाद, प्रवचन चलता रहा—पर मैं इन सबसे अलग स्वामी जी की ही बातें सोचता रहा। कहीं पढ़ा था ईसा-मसीह उपदेश दे रहे थे, तो किसी ने पूछा, 'स्वर्ग का राज्य किसको प्राप्त होता है?' तुरन्त उन्होंने भीड़ में से एक छोटे बच्चे को उठाकर कहा, 'जो बच्चे के जैसे सरल होता है, निर्दोष होता है।' हमारे स्वामी जी का जीवन भी तो एक छोटे शिशु की भांति सरल है। आज वे देश-विदेश जाते हैं, हवाई जहाज में घूमते हैं, और सभी से उनका व्यक्तिगत परिचय है, लेकिन एक ऐसा भी समय था, जब परिव्राजक के रूप में घूमते थे, और कभी-कभी भोजन, निवास और वस्त्र की समस्या भी कठिन हो जाती थी, लेकिन उन्हें देखकर लगता था कि ये सम्राटों के भी सम्राट् हैं, एक शाहंशाह हैं।

हमने स्वामी जी के जीवन में जबरदस्त संकल्प-शक्ति देखी है। वे चाहें तो पर्वत को चूर कर सकते हैं, और सागर को पी सकते हैं। इसी महान् संकल्प-शक्ति के बल पर उन्होंने लाखों व्यक्तियों का विश्व-व्यापी योग आन्दोलन खड़ा कर दिया है। जब 1956 में स्वामी जी अपने गुरु स्वामी शिवानन्द जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर गुरु-आश्रम से निकले थे तो एक अकेले व्यक्ति थे। आध्यात्मिक जिज्ञासु और पीड़ित जन उनको कहीं भी बुलाते, तुरन्त पहुँच जाते। धीरे-धीरे उनके महान् उद्देश्य पूर्ण जीवन को समझने वाले लोग बढ़ते गए, योग आन्दोलन फैलता गया। धर्म और जाति की ऊँची दिवारों को लाँघकर योग विश्व के कोने-कोने में फैल रहा है। योग घर-घर में पहुँचे और युगों-युगों तक चलता रहे, यही तो स्वामी जी का स्वप्न व संकल्प है।

पूज्य स्वामी जी गुरु तो हैं ही, वात्सल्यमय पिता भी हैं। सिद्ध योगी हैं, सच्चे संत हैं। उनके पास कठोर अनुशासन की छड़ी भी है। फिर भी हर कोई सोचता है कि स्वामी जी सब से तो स्नेह-प्यार करते ही हैं, लेकिन मेरे से विशेष प्यार है उनका। गुरु-शिष्य परम्परा को नये ढंग से पुनर्स्थापित कर रहे हैं। स्वामी जी कहते हैं कि संन्यासी का जीवन व्यक्तिगत जीवन नहीं होता, सार्वजनिक जीवन होता है। बड़ी-बड़ी संस्थाएँ और साधन होते हुए भी निजी रूप से दो कपड़ों के अलावा स्वामी जी के पास कुछ भी नहीं है। वे हम लोगों से भी ऐसी ही अपेक्षा रखते हैं।

पूज्य स्वामी जी ने समाज में एक नई परम्परा का निर्माण किया है। समाज में, धर्म में, संस्कृति में जो कोढ़ है, उसके प्रति वे सतर्क प्रहरी बन गए हैं, और जब भी कोई नया काम होता है या होगा, तो जो अपने को समाज के ठेकेदार या कर्णधार समझते हैं, और अपना गुरुडम बढ़ाना चाहते हैं, स्वामी जी का विरोध करते हैं। हमारे देश में आदि काल से ही ऐसा हो रहा है। कई सन्त-महात्मा, ऋषि-महर्षि आए, सबका विरोध हुआ। और अभी भी हो रहा है। पर स्वामी जी को अपनी शक्तियों को इस विरोध से जूझने में लगाने का समय ही नहीं है। उन्हें

तो सृजनात्मक कार्य के लिए भी समय का अभाव पड़ रहा है। स्वामी जी कहते हैं, 'मैं तो ट्रक की भांति हूँ, आगे बढ़ता हूँ तो सामने कितनी भी मजबूत दिवार होगी, उसको तोड़ दूँगा। जब कोई मुझे छोड़ देता है, तो मैं यह नहीं सोचता कि उसने मुझे क्यों छोड़ा? मैं सोचता हूँ–who is the next, नया आदमी इसकी जगह पर कौन आवेगा?' पूज्य स्वामी जी के साथ काम करना गौरव की बात है, वे हमको अपने योग आन्दोलन में कार्य करने का अवसर देते हैं, यह तो हम पर उनका अनुग्रह ही है। आप उन्हें छोड़ दीजिए, वे परवाह नहीं करते।

पूज्य स्वामी जी का जीवन एक वृक्ष है, चारों ओर जिसकी शाखाएँ फैली हों, हरे-भरे जिसके पत्ते हों, सुन्दर-मनोहर जिसमें फल-फूल हों, जिस पर पक्षी बैठकर गीत गाते हों, नीड़ बनाकर निश्चिन्त सोते हों और जिसकी छाया में हर थका-हारा व्यक्ति विश्रांति पा सकता हो।

जैसा कि जन्मोत्सवों में होता है, हमने भी मनाया। शतायु होने के लिए हम पूज्य गुरुदेव के लिए क्या कामना कर सकते हैं, हम तो उनसे केवल आशीष ही माँग सकते हैं। जहाँ पर भी योग होता है और जहाँ पर योग होगा, वहाँ पर वे सदैव उपस्थित रहेंगे। वे कहते भी हैं कि जो मेरा कार्य करता है, उसके योग-क्षेम की मैं रक्षा करता हूँ। और इसका अनुभव मैंने अपने जीवन में हमेशा किया है। आगे भी यही कामना है, जन्म-जन्म में इन्हीं चरणों की छत्र-छाया मुझ पर बनी रहे।

*–योगविद्या के अगस्त 1976 अंक से उद्धृत*



# उद्देश्य की पूर्ति रिखिया से

स्वामी आत्मानुभूति सरस्वती

मैं बचपन से पूजा-पाठ किया करती थी, जप भी करती थी, लेकिन मेरा मन गुरु की तलाश में था। किसी ने मुझसे कहा था कि तुम रोज धूप-बत्ती दिखाकर ईश्वर से कहो, 'मेरे गुरु कौन हैं, मुझे गुरु चाहिए,' फिर एक दिन जब समय आयेगा तो गुरु तुम्हारे पास स्वयं चलकर आयेंगे। उस समय मुझे मन-ही-मन हँसी आ गई थी। मैं देवघर में जब रहती थी तो वहाँ के आश्रमों में जैसे अनुकूल ठाकुर (सत्संग नगर), महाराज मोहनानन्द जी के पास नौलखा कटनीबाग वगैरह जाया करती थी, किन्तु किसी को भी मेरे मन ने गुरु रूप में स्वीकार नहीं किया था।

एकाएक सन् 1986 में मेरे जीवन में जैसे भूचाल आ गया। भागलपुर में हमारा कारखाना बन्द हो गया। घर में बड़ा परिवार था, लोगों में भी मनमुटाव हो गया था। हमलोगों ने एक दिन में देवघर आने का फैसला ले लिया। हम रिखिया आ गये और वहाँ कारखाना लगाने के लिए काम करना शुरू किया। आज जो कन्या किचन है उस समय वहाँ एक छोटा-सा टूटा हुआ मकान था जिसमें न किवाड़ थे, न खिड़कियाँ। मैं उसी में रहती थी। किसी तरह से कुछ दिनों में सब रहने लायक बना लिया और कारखाना भी बनने लगा। काफी जोर-शोर से काम चल रहा था। समय बीता और 1989 आ गया।

1989 के मई महीने में मेरे घर में एक बहुत दु:खद घटना घटी। मेरे जवान भाई का कत्ल हो गया। मैं फिर से टूट-सी गई। मैं दिन-रात यही सोचती कि कोई मुझे बता दे यह किसने किया। बदले की भावना से मैं पागल-सी हो गई थी। किसी भी साधु-संन्यासी के पास पूछने पहुँच जाती थी। उसी समय 1989 के सितम्बर माह में श्री स्वामीजी ने रिखिया में अपने चरण रखे, किन्तु मुझे पता नहीं था।

एक दिन श्री स्वामीजी के दर्शन के लिए बिहार योग विद्यालय के सारे संन्यासी तथा भक्त लोग आये थे। रिखिया गाँव से भी बहुत लोग दर्शन के लिए गये थे। किन्तु मैं नहीं जा सकी थी, मुझे कुछ पता नहीं चला था। हाँ, मेरे दरबान गये थे। वे जब लौटकर आये तो मैंने पूछा, 'कहाँ गये थे?' उन्होंने कहा, 'एक बहुत ही पहुँचे हुए साधु आये हैं। स्वामी शिवानन्द जी नाम है।' मैं स्वामी शिवानन्द जी के बारे में अपने एक कुटुम्बी से सुन चुकी थी, अत: मैं भी मिलने के लिए तड़प उठी। किन्तु कैसे जाऊँ समझ में नहीं आ रहा था क्योंकि दरबान ने बताया कि स्वामीजी तपस्या के लिए यहाँ आये हैं, अब फिर किसी से नहीं मिलेंगे। मैं बहुत उदास हो गई।

किन्तु मिलने की प्रबल इच्छा थी और श्री स्वामीजी भी मन की बात को जानने वाले थे। शायद मेरा गुरु से मिलने का समय भी आ गया था। दो-चार दिनों में ही स्वामी सत्संगी जी मेरे दरवाजे पर आईं। आदर के साथ उन्हें भीतर बुलाया



















और बिठलाया। उन्होंने ही बताया, 'ये स्वामी शिवानन्द जी नहीं हैं, इनका नाम स्वामी सत्यानन्द जी है। स्वामी शिवानन्द जी इनके गुरु थे। वे इस दुनिया में सशरीर नहीं हैं, उन्होंने समाधि ले ली है।' मैंने पूछा, 'क्या मैं दर्शन कर सकती हूँ?' वे बोलीं, 'मैं बताऊँगी,' और चली गईं। दो-तीन दिन बाद पुनः आकर बोलीं, 'दर्शन चाहती हैं तो आज आ जाइये।'



हमलोग यानी मैं, मेरी माँ, मेरे बच्चे सब दर्शन के लिए गए। हल्की सर्दी का मौसम था, अखाड़े में श्री स्वामीजी कुँए के पास धूप में बैठे थे। हमलोग जब पहुँचे तो एक चटाई बिछा दी गई, सब लोग प्रणाम करके बैठ गये। बैठने के साथ ही श्री स्वामीजी ने एक कथा प्रारम्भ कर दी। उन्होंने कहा, 'शायद तुम लोग महाभारत की यह कहानी जानते होगे। अभिमन्यु जब चक्रव्यूह में मारा गया उस समय अर्जुन वहाँ नहीं थे। लौटने पर पता चला कि अभिमन्यु शहीद हो गया। तब अर्जुन विशादग्रस्त हो गये और विह्वल होकर श्रीकृष्ण से कहने लगे कि जब उसके गुरु, उसके मामा तुम थे, तब ऐसा क्यों हुआ? श्रीकृष्ण ने कहा, 'उसका प्रारब्ध यही था।' तब अर्जुन ने कहा, 'क्या उसे देखने का कोई उपाय है? मैं सिर्फ देखना चाहता हूँ कि वह कहाँ और कैसे है।' यह सुनकर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अभिमन्यु दिखलाया। अभिमन्यु से कहा गया, तुम्हारे पिता तुमसे मिलना चाहते हैं। उसने जवाब दिया, 'कौन पिता, किस जन्म के पिता? मैं किसी को नहीं पहचानता।' अर्जुन को सब समझ में आ गया। आत्मा शरीर त्यागने के बाद कुछ भी याद नहीं रखती।'

अर्जुन की ही तरह मेरी आँखें भी खुल गईं। मैं तो श्री स्वामीजी से अपने भाई के बारे में पूछने आई थी, लेकिन अब मैं शान्त पड़ गई, हल्की हो गई, चुप बैठ गई। फिर श्री स्वामीजी ने कहा कि जो बात हो गई, अच्छी या बुरी उसे भूलने का प्रयास करना चाहिए। मैंने उसी समय सोच लिया कि मुझे गुरु मिल गये। जिसकी वाणी से शीतलता, शान्ति और शिक्षा मिले, आखिर वही तो गुरु है। फिर हम सब का परिचय हुआ। वे बात इस तरह से कर रहे थे मानो हमलोग पहले से ही मिल चुके हैं। चलते-चलते मैंने कहा, 'मुझे दीक्षा चाहिए!' उन्होंने कहा, 'मैं गुरु नहीं हूँ, किन्तु तुम्हारी दीक्षा होगी। तुम चाहो तो मुंगेर चली जाओ।' मैंने कहा, 'यह

तो मेरे लिए असम्भव है,' क्योंकि मैं जिस परिवेश में थी उसमें गुरु या आश्रम के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था।

इसी तरह समय बीतने लगा। आने-जाने, मिलने-जुलने का सिलसिला जारी रहा। रिखिया में दिन-रात काम होने लगा। स्वामी सत्संगी जी की जी-तोड़ मेहनत बेमिसाल थी। अकेले सब काम करना, ईंट, सीमेन्ट, छर्री, बालू, मजदूर, मिस्त्री सबका इन्तजाम करना एक महिला के लिए आसान न था। उस जमाने में रिखिया में बिजली का नामो-निशान नहीं था। पोल था, तार था, किन्तु एक बार अगर बिजली गई तो फिर 10-15 दिनों तक गुम। हमलोगों ने भी बहुत प्रयास किया था, किन्तु सफलता नहीं मिल पा रही थी। आज अगर रिखिया में बिजली है तो इसका सारा श्रेय श्री स्वामीजी तथा स्वामी सत्संगी जी को जाता है। वहाँ स्कूल था, किन्तु बच्चों की जगह पर गाय-बकरी पढ़ा करते थे। शिक्षक भी नदारद, किसी को कोई मतलब न था।

श्री स्वामीजी से वहाँ की गरीबी देखी नहीं गई। अपनी तपस्या के साथ उन्होंने रिखियावासियों के लिए भी कुछ करने का संकल्प ले लिया। धीरे-धीरे पहले मिट्‌टी के कुटियानुमा घर बने। उसके बाद श्री स्वामीजी ने 9 दिनों का अनुष्ठान किया, चण्डी यज्ञ। उस यज्ञ के बाद श्री स्वामीजी ने मुझे बुलाकर कहा, 'कुछ मिठाई की दुकानों से सैम्पल और दर पता लगाकर आओ।' फिर उनमें से अच्छा-सा पैकेट तैयार कराया गया। उन्होंने मुझे सौंपते हुए कहा, 'यह लो लिस्ट और मिठाई के पैकेट।' उस समय आश्रम में एक ऑटो-रिक्शा था जिसे स्वामी वेदानन्द चलाते थे। श्री स्वामीजी ने कहा, 'वेदानन्द के साथ जाकर मिठाई घर-घर में पहुँचाओ और सबको बताओ कि यह चण्डी यज्ञ का प्रसाद है, स्वामीजी ने भिजवाया है। और सबको बोलो कि आप लोग रविवार के दिन आश्रम आकर स्वामीजी का दर्शन पा सकते हैं।' मैंने मिठाई के पैकेट सब जगह, यहाँ तक कि त्रिकुटी पहाड़ पर एक बूढ़ी महिला संन्यासी रहती थीं, वहाँ तक पहुँचाया।

फिर 1990 आया। एक दिन स्वामी सत्संगी जी आईं और बोलीं, 'जल्दी चलिए, स्वामीजी मुंगेर से आये हैं, आपकी दीक्षा होगी।' मैं अवाक् रह गई। मैंने कहा, 'मैंने कुछ तैयारी नहीं की है। मुझे कुछ आता भी नहीं है। शर्मा जी (महाप्रज्ञानन्द जी) भी नहीं हैं। मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा है।' उन्होंने कहा, 'दीक्षा आपकी होगी, मिस्टर शर्मा की नहीं। इसमें सोचने वाली कौन-सी बात है?' मैंने भी आव देखा न ताव, अपनी गाड़ी से अपनी तीनों लड़कियों के साथ आश्रम पहुँच गई।

वहाँ कुएँ के बगल में एक टेन्ट था, श्री स्वामीजी वहीं बैठे थे। मैं जैसे ही पहुँची, श्री स्वामीजी को प्रणाम किया, पर उन्होंने कहा, 'जाओ, तुम्हारा गुरु इन्तजार कर रहा है।' आज जहाँ श्री स्वामीजी का समाधि स्थल है, वहाँ एक छोटा-सा कमरा था जिसे पर्ण कुटीर कहा जाता था। स्वामी सत्संगी जी ने मुझे वहाँ ले जाकर एक टाट पर बिठला दिया। स्वामी निरंजन जी पहले से ही एक सीमेन्ट के बेंच पर बैठे

थे। आँखें बन्द थीं, सिर्फ मुस्कुरा रहे थे। मैं तो देखती रह गई, एक भोला-भाला मासूम बच्चे जैसा संन्यासी बैठा है। मैं भी उनके सामने मंत्रमुग्ध-सी बैठ गई। उन्होंने मुझसे कहा कि आँखों को बन्द कीजिए, फिर कुछ मंत्र दुहराने को कहा। मुझे उस समय कुछ समझ में नहीं आया। मंत्र दीक्षा पूर्ण हुई, मैं अचम्भित थी कि मैंने दीक्षा ली किन्तु प्रणाम तक नहीं किया, दक्षिणा भी नहीं दी, क्योंकि मुझे कुछ समझ में ही नहीं आ रहा था। मैं वापस आ गई श्री स्वामीजी के पास। मैंने कहा, 'स्वामीजी, आप ने तो मुझे दीक्षा दिला दी, लेकिन गुरु आप रहेंगे।' वे बड़े जोर से हँसे, फिर बोले, 'तुम्हारा गुरु वही है। समय आयेगा तो तुम उसे ही अपना लोगी। मैं तो रगड़-रगड़ कर साधु बना, वह तो कई जन्मों से साधु है, यह तुम्हें बाद में पता चलेगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' फिर स्वामी निरंजन जी ने दीक्षा के समय जैसा बताया था मैं वैसे ही करती रही, आज तक एक दिन भी बिना गँवाये करती रही हूँ।

1993 में भागलपुर का आश्रम बना, मैंने वहाँ जाकर योगाभ्यास सीखा। उसी साल मुंगेर में टी.टी.सी. का कोर्स किया और फिर मेरी कर्म संन्यास की दीक्षा हुई। उसके बाद एक बार श्री स्वामीजी ने कहा कि देवघर में एक योग शिविर होना चाहिए। मैंने कहा, 'ठीक है स्वामीजी, हमलोग करेंगे।' कहने को तो मैंने कह दिया, लेकिन मैंने योग शिविर चलाना तो दूर, देखा तक नहीं था। हमलोगों ने कुछ दिन अपने देवघर आवास में नि:शुल्क योग कक्षाओं का आयोजन किया, फिर योग सम्मेलन की तैयारी शुरू की। प्रचार शुरू हुआ, जगह तैयार हुई।

मैंने एक कमेटी बनाई थी, लेकिन कमेटी के लोगों ने साथ छोड़ दिया। फिर मैं मुंगेर गई और स्वामी निरंजन जी से पूछा, 'यहाँ से कौन-कौन जायेगा और आप कितने दिनों के लिए आयेंगे?' शिविर सात दिनों का था। स्वामीजी ने कहा, 'मुझे तो कुछ पता नहीं है कि आप लोग क्या कर रहे हैं। लिखित रूप से दीजिए, फिर मैं सोचूँगा।' मैंने तुरन्त देवघर से पत्र भेजा एक दरख्वास्त के रूप में। फिर स्वामीजी ने पूरी टीम, किताबें वगैरह भिजवाईं। हम लोगों ने चन्दा नहीं लिया था, क्योंकि कुछ आता ही नहीं था। सिर्फ 50 रुपये के कूपन पर लोग योग सीखने आये। पाँच जगहों पर कक्षाएँ हुईं। पूरा देवघर जान गया कि योग क्या होता है तथा रिखिया आश्रम में क्या होता है। इतनी अच्छी सफलता सिर्फ श्री स्वामीजी के आशीष से ही सम्भव हुई। शिविर के बाद श्री स्वामीजी ने सब को दर्शन के लिये बुलाया। उन्होंने पूछा, 'शिविर कैसा रहा?' मैंने कहा, 'पता नहीं। मैं क्या जानूँ, मेरा तो पहला अनुभव है।' तब स्वामी निरंजन जी ने कहा कि काफी अच्छा रहा।

उन दिनों हर रविवार को श्री स्वामीजी का सत्संग होता था। मैं करीब-करीब हर सत्संग में शामिल होती थी। धीरे-धीरे रिखिया बनता रहा, मैं देखती रही। उन दिनों हमलोगों को सेवा देने का मौका बहुत मिला क्योंकि लोग कम थे। श्री स्वामीजी का स्नेह तो सब पर है, किन्तु सबको लगता होगा कि मेरे ऊपर ज्यादा है। मैं अगर

सत्संग में देर से पहुँचती तो मुझे पीछे बैठने को कहा जाता। श्री स्वामीजी देख लेते तो कहते कि यहाँ आओ, सामने बैठो। मैं उनके मुँहलगी हुई थी, कुछ भी पूछ लिया करती थी। मुझे जरा भी नहीं लगता था कि वे इतने पहुँचे हुए महात्मा हैं।

कई बार श्री स्वामीजी मुझे सपने में आकर निर्देश देते थे। एक घटना ऐसी है कि मैं देवघर में थी और महाप्रज्ञानन्द जी भागलपुर में बीमार थे। मुझे उनके बारे में कुछ पता नहीं था। मैं सपने में देखती हूँ कि श्री स्वामीजी कह रहे हैं, 'मिसेज़ शर्मा! (मुझे इसी नाम से पुकारते थे) तुम्हें करना क्या चाहिए, तुम कर क्या रही हो?' मेरी नींद खुल गई। 4 बजे रहे थे। मैंने सोचा, इन दिनों आसन नहीं करती हूँ, शायद यही बात स्वामीजी कह रहे थे। नहा-धोकर आसन-प्राणायाम किया, जप किया, पूजा की। फिर सात बजे महाप्रज्ञानन्द जी के दोस्त का फोन आता है कि आप क्या कर रही हैं। मैंने कहा, क्या करूँगी, दीपावली का समय है, सो दुकान में पूजा की तैयारी कर रही हूँ (उन दिनों मेरे पास एक ब्यूटीपार्लर हुआ करता था)। उन्होंने नाराज होकर कहा, आपको करना क्या चाहिए, आप कर क्या रही हैं। मेरे पूरे रोंगटे खड़े हो गये। तब मैंने पूछा कि बात क्या है। 'आप नहीं जानतीं कि शर्मा जी की तबियत खराब है?' मैंने कहा, 'नहीं।' 'वह आज पटना टाँग-टूंग कर गया है, आप भी जाइए।' मैं तुरन्त सब काम दूसरों को सुपुर्द कर पटना गयी। वहाँ करीब तीन-चार दिन बाद महाप्रज्ञानन्द जी की तबियत कन्ट्रोल हुई। लेकिन मैं जरा भी घबरा नहीं रही थी क्योंकि मुझे विश्वास था श्री स्वामीजी पर।



जब वे ठीक हो गये तो काफी दिनों तक मैं आश्रम नहीं जा पाई। रामनाम आराधना का कार्यक्रम आया, मैं भी गई थी। सुबह भजन-कीर्तन चल रहा था, स्वामीजी ने मुझे बुलाया, 'मिसेज़ शर्मा, यहाँ आओ।' तीन बार उन्होंने आवाज़ लगाई, पर मैं समझी कोई और होगा। फिर जब उन्होंने कहा, 'फैक्ट्री वाली,' तब मैं समझी कि मुझे बुला रहे है। उन्होंने पूछा, 'महाराज जी कहाँ हैं?' मैंने कहा, 'भागलपुर।' फिर पूछा कि उन्हें क्या हुआ है। मैंने कहा कि कुछ आँख में दिक्कत आ गई है। उन्होंने कहा, 'नहीं भाई, तुम लोग पटना इलाज के लिए क्यों गये थे?' मैं तो अवाक् रह गई। वे आगे बोले, 'अगर आयें तो लेकर आओ।' ये आ गये फिर

हम दोनों दूसरे दिन स्वामीजी से मिले। उन्होंने पूछा तो महाप्रज्ञानन्द जी ने अपना हाल बताया। तब स्वामीजी ने कहा कि अब आप आसनों में थोड़ा अभ्यास बढ़ा दीजिए, खान-पान में परहेज रखिए। डॉक्टर इनको बराबर चेकअप के लिए बुलाते थे, वे भी अचंभित रह गये। बोले, आज तक ऐसा केस मेरे पास नहीं आया है जो इतनी अच्छी तरह ठीक हुआ हो! श्री स्वामीजी की कृपा की कहानियाँ अगर मैं बताती रहूँ तो शायद कभी खत्म ही नहीं होंगी।

इस तरह से समय बीतता गया, रिखिया चमकता गया। वहाँ के लोग सुखी-सम्पन्न होते गये। आज रिखिया एक मॉडल गाँव की तरह तैयार है, जिससे सब को सीख लेनी चाहिए। इसको बनाने का सारा श्रेय श्री स्वामीजी, स्वामी सत्संगी जी तथा स्वामी निरंजनानन्द जी को जाता है। हमें अपने गुरुओं के पदचिह्नों पर चलने की सीख लेनी चाहिए। मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करती हूँ कि हरेक जन्म में श्री स्वामीजी मिलें, उनका सान्निध्य मिले।

जब मैं रिखिया के बच्चों को, जिन्हें श्री स्वामीजी अठन्नी-चवन्नी कहते थे, देखती हूँ तो रंग-बिरंगी तितलियों के समान लगते हैं। जब ये बच्चे स्तोत्रपाठ करते हैं तो प्रकाण्ड विद्वान् लगते है और जब नृत्य करते हैं तो लगता है स्वर्ग की अप्सरायें उतर आई हैं। जब ये कन्याएँ अंग्रेजी में बात करती हैं तो लगता है कोई अंग्रेज बोल रहा है और जब ये खाना परोसती हैं तो कुशल गृहिणियाँ नजर आती हैं। मेरी आँखों के सामने ही यह सारा परिवर्तन हुआ है। अब तो यह हाल है कि किसी भी क्षेत्र में इनका मुकाबला कोई नहीं कर सकता है। इसे कहते हैं गुरु कृपा। सबके घरों में बर्त्तन, कपड़े, बिछावन, कम्बल, रजाई इत्यादि रोजमर्रा का सामान भर गया है। बीज, खाद, खेती के औजार–किसी चीज की कमी नहीं है। बुजुर्गों और विधवाओं के लिए मासिक खर्च, कपड़ा आदि की भी व्यवस्था है। रिक्शा, ठेला, टैम्पू, बच्चों के लिए साइकिल, स्कूटर–सारी चीजों का प्रबन्ध किया गया है। आखिर श्री स्वामीजी ने इस इलाके के 30-40 गाँवों को गोद जो लिया है, उनकी परवरिश कर रहे हैं। मैं कोई नई चीज नहीं बता रही, जो रिखिया जाते हैं सब जानते हैं।



अब मैं थोड़ा-सा श्री स्वामीजी के बारे में बता दूँ। वे दिव्य पुरुष, सिद्ध पुरुष

थे। उनके सामने कोई खड़ा हो जाए तो वे एक्स-रे जैसा सब कुछ देख लेते थे, बताने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। उनकी याददाश्त के बारे में क्या बताऊँ, जिसे एक बार मिल लें तो वह व्यक्ति बीस साल बाद भी आये तो उसे पहचान जाते थे। इतना ही नहीं, उसके घर-परिवार के लोगों के बारे में, नाम और जगह के साथ सब पूछते थे।

उन्होंने ऐसी अनेक साधनाएँ कीं जो चौंकाने वाली थीं। जो पंचाग्नि साधना उन्होंने की, मैंने तो सुना भी नहीं था कि किसी ने इस युग में की हो। जिनका जन्म अल्मोड़ा की पहाड़ियों में हुआ हो, जहाँ गर्मी का नामोनिशान नहीं, ऐसे व्यक्ति ने 70-80 डिग्री के तापमान को सहन किया, एक-दो दिन नहीं, नौ वर्षों तक। वस्त्रों को त्याग दिया और कौपीन धारण कर लिया। भला आज के जमाने में कौन करेगा? रामचरितमानस का अखण्ड पाठ 108 बार किया, गुरु मंत्र का अष्टोत्तरशत लक्ष पुरश्चरण किया, ऐसी कई साधनाओं को किया जिन्हें हम लोगों ने अपनी आँखों से देखा। स्वामीजी ने अपनी तपस्या के साथ सबकी जरूरत तथा मनोरंजन के बारे में भी सोचा। उनकी कृपा से हमने अनेक संतों का तथा कला और संगीत जगत् की बहुत सारी हस्तियों का भी दर्शन किया, जैसे रामानन्द सागर, पुरुषोत्तम जलोटा, तीजन बाई आदि। श्री स्वामीजी ने यह भी संकल्प लिया कि रिखिया के बच्चों को दिन में एक बार भोजन आश्रम देगा, और इसी के लिए कन्या किचन का निर्माण हुआ।

इतना सब करके श्री स्वामीजी ने अन्तिम साधना भी सब को दिखा दी–यौगिक समाधि यानि इच्छा मृत्यु। वे कहा करते थे, 'मैं ऐसी मौत नहीं मरना चाहता कि अन्तिम समय में अस्पताल में रहूँ, मेरे शरीर में पाइप लगे हों और भक्त-चेला लोग रोते रहें।' ऐसा ही हुआ। 2 दिसम्बर को योग पूर्णिमा का कार्यक्रम समाप्त हुआ, 3 दिसम्बर को लोग चल दिए और 5 दिसम्बर को श्री स्वामीजी ने स्वामी सत्संगी जी से कहा, 'मैं आज जाऊँगा।' किसी को विश्वास नहीं हुआ पर रात्रि में 12 बजे आसन लगाकर बैठ गये और ॐ उच्चारण के साथ उन्होंने अपने प्राणों को ब्रह्माण्ड में पहुँचाकर अपनी इहलीला को समाप्त किया। वे भले शरीर से नहीं हैं, लेकिन हम सब के हृदय में आज भी हैं और सदा रहेंगे। ■

*स्वामी आत्मानुभूति और स्वामी महाप्रज्ञानन्द का 24 नवम्बर 2016 को दोपहर 3.30 बजे भागलपुर-देवघर राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा का गंतव्य भी रिखिया ही था, जहाँ वे शतचण्डी महायज्ञ एवं योग पूर्णिमा अनुष्ठानों में अपनी सेवाएँ अर्पित करने जा रहे थे।*

*– सम्पादक*



# The Sun of Hope

*Swami Niranjanananda Saraswati*



Today is sixth of the month, the day when we remember our guru, Sri Swami Satyananda Saraswati.

Looking at history and the life of enlightened people, it has been my observation that those who live their life in the right manner, die in the right manner also. They live their attainment in the last moment of their life, and that is the attainment of samadhi, the attainment of Shiva consciousness. History remembers those people who have lived well and died well, and whose death has become an inspiration for all to emulate. There has been a galaxy of sannyasins and sadhus across the ages, however, it is those who attained such a perfect death, or samadhi, who were people who lived what they believed in. They were people who lived what they propagated.

We are all part of the human society. Despite our creed, colour, nationality and beliefs, we are all human beings. We are one community of human beings, in different shapes, sizes and cultures. Within this community, there are different groups. There is the group that believes they can guide the human society through power and law, and they become politicians. There is



the group that believes they can heal, and they become doctors. There is the group that believes they can make people's lives better by improving objects of use, and they become engineers. There is the group that believes they can create new inventions to make life easier and better, and they become scientists and researchers. And there is the group of people who believe that they can propagate their own experience of peace and culture, and they become sannyasins. Those who live this idea of sannyasa and experience and cultivate the *shanti*, the peace, and the higher culture within themselves, become the luminaries of society, whom we emulate. They are the saints, the guiding light of humanity.

Our guru, Sri Swamiji, comes in this category, as he continues to teach even after his mahasamadhi. He has taught us that there has to be control over death also. Death is something which can be invoked. It can be called, it can be wished, not out of pain and suffering, but with the realization and knowledge that it is only a process of leaving behind the gross and the material to unite with the transcendental and the divine. Just as one steps into the marital life from bachelor life, in the same way the spirit of an enlightened one merges with the cosmic spirit. That is the destiny of every human being, whether we realize it or not.

Sri Swamiji has shown that by living in the right manner, by cultivating the right qualities and attitude, by expressing the right behaviour and samskaras, one can live a complete life, no matter what condition one is in. You may live as a fakir or as an


affluent person, yet you can be content, fulfilled, satisfied and happy. What is greater pleasure than that state of life where there is contentment, happiness, fulfilment, and no cravings left? That is the state of shanti. That is the state where there are no dissipations and only awareness exists, of wholeness and completeness, *poornata*. The attainment of this poornata is the aim of life, and through his example Sri Swamiji has shown that it can be attained. It is that inspiration which we cherish in our hearts today, for it is not only a ray of hope, rather we have seen the sun of hope. We have not only seen a ray, we have seen the sun.

We know that the sun is always there. Sometimes it is hidden behind clouds, which are dark and black, sometimes it is on the other side of the world, and sometimes it is eclipsed, yet it is always there. How we perceive it depends on our perspective, our location, our space and time. In reality, is the sun ever eclipsed or does it cease to exist when clouds cover it? If you go out into space, where are the clouds and where is the sun? Therefore we seek transformation and upliftment so we may always see the sun and experience completeness and fulfilment. This transformation and completeness can come if we elevate ourselves, our minds, emotions and spirit to the level where we can overcome the limitations of body and matter. Sri Swamiji has shown us that it can be done. Thus, all we can express today is a heartfelt, "Thank you for showing us the path, Swamiji."

*– 6 March 2013*

---


**Satsangs on Guru Bhakti Yoga**: *Guru Bhakti Yoga is a monthly sadhana dedicated to Sri Swami Satyananda Saraswati, who attained mahasamadhi on 5th December 2009. Conducted in Satyam Udyam (Akhara), the two-day anusthana takes place on the 5th and 6th of every month to commemorate Sri Swamiji's attainment of Shiva consciousness and his union with Cosmic Shakti. This is a special period of remembrance, and the satsangs Swami Niranjan delivers at the end of these evenings are particularly poignant; through them he helps us to connect directly with the spirit of Sri Swamiji, who brought light and love into our lives.*



## साधू जा जा जा

अल्मोड़ा से चला संत इक छोड़ जगत का नाता।
साधू जा, जा, जा॥
शील शान्ति के रथ में बैठकर,
रंग मजीठी ध्वजा फहराकर,
धर्म, अर्थ और काम मोक्ष के,
पहिये है घहराता।
साधू जा, जा, जा॥
सत्य धर्म के अश्व जुताकर,
ब्रह्मचर्य की रास थामकर,
क्षणिक सुखों को लात मारकर,
जग को जगाने जाता।
साधू जा, जा, जा॥
'वसुधैव कुटुम्ब' का कवच पहनकर,
स्वान्त:सुखाय का शस्त्र धारकर,
ब्रह्मानन्द का नाद बजाकर,
धीरज ढाल सजाता।
साधू जा, जा, जा॥
मोह माया को दूर हटाकर,
जग झंझट को कूद फांद कर,
दिव्य ज्योति आनन्द कुटी पर,
रथ को आ ठहराता।
साधू जा, जा, जा॥
हीरे को परख जौहरी ने की है,
स्वामि हार की मणी बनी है,
स्व प्रकाश से तम को हटाकर,
ज्ञान ज्योति फैलाता।
साधू जा, जा, जा॥
बारह सितम्बर सैंतालीस की पुण्य तिथि है भाई,
हीरक जयन्ती स्वामी जी की थी उत्तम पदवी पाई।
अब परमहंस परिव्राजक स्वामी सत्यानन्द कहाता।
साधू जा, जा, जा॥

*–पंडित लादूरामजी, उदयपुर, 1954*



# साधू अब आ भी जा

हे ईश्वर के परमकोष
हे सत्यम्! हे चिर अवधूत
प्रकाश क्षुधित जन ताक रहे
साधू आ भी जा, अब आ भी जा

तुम हो गुरु बृहस्पति सम
तुम्ही देव दु:ख भञ्जन
पाकर तुमको गुरु रूप में
गर्वित स्वयं निरञ्जन
सत्य-धर्म के अग्रदूत
मिटाओ जग के क्रन्दन
साधू आ भी जा, अब आ भी जा

ईश्वर के ज्योतिर्लोक में भी है
पृथक् प्रकाश तेरा
तुम अपनी कोटि में खुद हो,
कहते हैं सब संतन
हम भटकों को राह दिखाने आ जाओ,
करें हम वंदन
साधू आ भी जा, अब आ भी जा

गुरु रूप में आकर तुमने,
दिया शिष्य निरंजन
हे त्याग के मूर्तिमान्!
तुम शीतल सम चंदन
हे संन्यास के ऋत्विक्!
कर रहे हम कातर निवेदन
पुन: शिष्य रूप धर आवो,
बाट जोहे तेरे नन्दन

साधू आ भी जा, अब आ भी जा

*—संन्यासी देवतत्त्व, गंगा दर्शन, 2014*

ETERNAL TEACHINGS OF THE SCRIPTURES

# The State of the Liberated One



*Na sukhaaya sukham yasya duhkham duhkhaaya yasya no;*
*Antarmukhamaternityam sa mukta iti kathyate.*

He is declared a liberated person for whom, possessed of a mind turned inward, an object of pleasure is not for pleasure and trouble is not for grief.

*Manojnamadhuraachaaraah priyapeshalavaadinah;*
*Vivechitaarah kaaryaanaam nirnetaarah kshanaadapi.*

They are persons of pleasant and charming behaviour, agreeable and soft speakers, discriminative in action and decisive even in a moment.

*Keshuchinnaanubadhnaati triptamoortirasaktadheeh;*
*Jeevanamukto gataasangah samraadaatmeva tishthati.*



He does not fasten his mind on anything. A symbol of the satisfied and unattached mind, the person liberated while living, with his attachment gone, lives as a paramount sovereign.

*Paripoornamanaa maanee maunee shatrushu chaachalah;*
*Sampatswaapatsu chograasu ramaneshootsaveshu cha.*
*Viharannapi nodvegee naanandamupagachhati;*
*Antarmuktamanaa nityam karmakarteva tishthati.*

He has a mind which is totally complete. He is silent, highly honoured and ummoved by enemies. Though living among riches, terrific dangers, pastimes and festive occasions, he is not excited, nor is overcome by exhileration. Living like a doer of actions, always he maintains a liberated mind within.

*Sarvatra vigatodwegah sarvaarthapariposhakah;*
*Vivekodyotadrishtaatmaa prabodhopavanasthitih.*

He is devoid of agitation everywhere and is a promoter of the wishes of all. He is one who sees the Self through the light of discrimination, he always stays in the garden of enlightenment.



*Sarvaabhivaanchhitaarambho na kinchidapi vaanchhati;*
*Sarvaanumoditaanando na kinchidanumodate.*

He is one whose deeds are desired by everyone, but he does not desire anything. He is one possessed of joy which gladdens everyone, but his joy does not arise from any thing.

*Dharmaadharmau mahaabhaga shankaavirahitaashayah;*
*Yah karoti yathaapraaptau mahaakartaa sa uchyate.*

Blessed one! He is called a great doer who performs prescribed duties and those not prescribed according to circumstances, with a mind free from doubt.

*Yasminshrutipatham praapte drishte smritimupaagate;*
*Aanandam yaanti bhootaani jeevitam tasya shobhate.*

The life of that person is splendid, on hearing, seeing or remembering whom, living beings attain happiness.

– *Yoga Vasishtha*

# Freedom from Vrittis



We can live freely within the essence of nature
Or stay in the confines of individual consciousness.
Our mind is modified by right and wrong knowledge,
Fancy, sleep and memory.
Neither right nor wrong knowledge brings wisdom.
Fancy is not based on reality.
Sleep fails to release awareness.
Memory clings, giving no freedom.

Some of these things are painful,
Some are not painful
But burn them altogether and find peace.
Each day watch the colours of your mind
Until the light shines clearly
And you see straight through
The cravings of the senses.

Thus you will win freedom from experience
Which carves you to its form;
Release from desire which eats you from within.

Becoming whole and still
You can reflect
The world within your own self,
And like the mountain lake, spontaneously reveal
The beauty of snow-capped peaks, the sun and the moon,
Yet, still be filled with
The living waters of bliss.
Though saints are born in samadhi
All can work towards this goal
With faith, strong will, intelligence.

If you want this very much
We will be together soon.
If the urge within you continues to grow
We will unite in samadhi.
By devotion to the Lord
We will be one.
God lives above the causal world
Untouched by actions and consequences.
In Him is the seed of infinite omniscience.
He is the Guru of all gurus,
He is Aum.
Live in the meaning of Aum with each breath,
Thus your awareness throws light
On the inner consciousness.
When this is done,
What problem remains?

*—Swami Satyananda Saraswati*

# आराध्य के श्री चरणों में

संन्यासी शिवमंगलम्, बेगूसराय (संन्यास अनुभव 2016-2107)

प्रारब्धवश मैंने वर्ष 1980 में श्री स्वामीजी की शरणागति ग्रहण की। उस समय मेरा मन अनेक प्रकार की नकारात्मकताओं से भरा रहता था। निराशा मेरे जीवन का पर्याय था। श्री स्वामीजी के दर्शन एवं सत्संग से मुझ भावप्रधान व्यक्ति में आशा का संचार हुआ। मेरी भावनाएँ आन्दोलित हो उठीं। पूर्व से चले आ रहे श्री रामचरितमानस के सत्संग एवं स्वाध्याय से प्रेरणा ग्रहणकर मैं श्री स्वामीजी के चरणों में आ सका था। उन दिनों श्री स्वामीजी का सत्संग दो पालियों में होता था। यह मेरा परम सौभाग्य था कि मुझे उनका प्रचुर सत्संग एवं सान्निध्य प्राप्त होता था।

मैंने वर्ष 1981 में योग शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त किया। उसके बाद लगातार योग अभ्यास एवं प्रशिक्षण से जुड़ गया, जिसका मुझे काफी लाभ मिला। मैं श्री स्वामीजी से बहुत सारे प्रश्न पूछा करता था, किन्तु मेरी विडम्बना यह थी कि मेरा मन प्रश्न पूछने में अधिक और समाधान पाने में कम रहता था। एक बार मेरे मन में श्री स्वामीजी के प्रति दुर्भावना आ गई। मैं जब भी उनके सान्निध्य में जाता, वे गंभीर हो जाते; जबकि अन्य लोगों से हँस-हँस कर बातें कर रहे होते। इसका तुरंत समाधान उनके सत्संग द्वारा हुआ कि गुरुजन सभी शिष्यों से एक समान व्यवहार नहीं करते। उदारता तो उनके लिए बरती जाती है जो कठोरता को सहन नहीं कर सकते। यह जानकर मुझे अपनी दुर्भावना पर अत्यन्त पछतावा हुआ। एक बार मेरी जिज्ञासाओं पर श्री स्वामीजी ने कहा कि 'तुमने बहुत-से ग्रंथों का अध्ययन तो कर लिया है, पर यह तुम्हारे लिए आवश्यक है या नहीं, यह तुम्हें नहीं मालूम। यह शास्त्रवासना है।' उस दिन से अनेक पुस्तकें पढ़ने की ललक जाती रही।

श्री स्वामीजी हमेशा शरणागतों का मंगल चिंतन करते रहते थे। इसका तो प्रत्यक्ष अनुभव मुझे मिला ही, किन्तु एक घटना इस प्रकार है। एक आयुर्वेद के छात्र को किसी नेत्र रोग विशेषज्ञ ने कहा कि तुम्हें आँखों के लिए चश्मा लगाना होगा, चिकित्सा जगत् में इसके अलावा कोई उपाय नहीं। इस पर वह छात्र बड़ा निराश हुआ। उसने श्री स्वामीजी से अनुरोध किया कि अब तो आप ही कुछ कर सकते हैं। श्री स्वामीजी बोले, 'देखो, तुम माँ गंगा को अपना चश्मा समर्पित करते हुए कहना–माँ, अब तो चिकित्सा क्षेत्र से मैं निराश हो चुका हूँ, अब आप ही मुझे दृष्टि लौटाने की कृपा करें।' उसने वैसा ही किया, उस दिन से आज तक उसे चश्मे की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी है।

एक बार मैंने श्री स्वामीजी से अपनी धर्मपत्नी के सम्बन्ध में शिकायत की, 'वे बराबर बीमार रहती हैं।' एकाएक श्री स्वामीजी रौद्र रूप धारण कर बोले, बीमार वह है या तुम हो? तुरंत मुझे अपने दुर्व्यवहार का स्मरण हो आया और परिस्थिति में सुधार हुआ।



श्री स्वामीजी द्वारा तीर्थों के दर्शन की प्रेरणा दी गई थी। मैंने विनती की, 'पावन तीर्थों के दर्शन की लालसा है।' वे बोले, 'अभी नहीं। मेरे पास आना। मैं तुम्हें उत्तर से लेकर दक्षिण ध्रुव तक की यात्रा करा दूँगा।' एक बार उनसे निदेश प्राप्त हुआ कि तुम हमेशा योग की चर्चा करना।

पंचाग्नि तप के समय, 10.जनवरी 1991 को अंतिम बार मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। 'सब कुछ तुम्हारे अंदर है, किन्तु तुम्हें उसकी जानकारी नहीं है, इसलिए तुम मेरे पास आते हो– *कस्तूरी का मिरग ज्यों फिर-फिर सूँघे घास*। बच्चे जब वर्णमाला सीख लेते हैं तो आगे की पढ़ाई खुद करते हैं। तुम मेरी आध्यात्मिक संतान हो। सांसारिक पुत्र के प्रति कितनी ममता होती है, इसकी जानकारी तुम्हें है। आध्यात्मिक पुत्र के प्रति ममता की तुम कल्पना कर सकते हो? तुम्हारे आने से मुझे विघ्न होता है।' इस पर मेरी आँखें भर आईं और मैंने ठान लिया कि मैं उनके विघ्न का कारण नहीं बनूँगा। मैंने विनती की, 'मेरी इतनी सारी कमजोरियाँ हैं।' वे बोले, 'जितने लोग यहाँ बैठे हैं, सब में कमजोरियाँ हैं। किन्तु सब इसे छिपा लेते हैं, तुम व्यक्त कर रहे हो।'

सम्प्रति जब भी उनकी सुरति आती है, उनके कोमल स्वभाव का ख्याल आता है तो मन द्रवित हो जाता है– *एक शूल मोहि बिसर न काऊ, गुरु कर कोमल शील स्वभाऊ।* ऐसे करुणानिधान थे हमारे श्री स्वामीजी। उनके कमलनयनों से अजस्त्र करुणा की धारा बहती रहती थी। जो कोई भी उनके चुम्बकीय क्षेत्र में आता था वह उसका अनुभव कर सकता था। 'प्राणीमात्र पर करुणा करने हेतु ईश्वर ही गुरु रूप में अवतरित होते हैं।' वे अनुशासन-प्रिय अवश्य थे, पर उनके सारे क्रिया-कलाप शिष्यों के आत्मोत्थान हेतु होते थे। उनके चरणारविंदों में शत-शत नमन! ■

# Meeting Sri Swamiji

*Swami Yogatirtha Saraswati*



My meeting Sri Swamiji and his inspiration in my life goes back to the early eighties, when I was living in India. One day, a stranger came up to me and said, "Your guru is in Bihar." At that time, the last thing I wanted in my life was a guru, and I didn't know where Bihar was! Nevertheless, the seed was planted. Three years later, I came to Ganga Darshan.

The first time I saw Sri Swamiji, he was sitting outside Yoga Arogya with a group of swamis, on that little patch of lawn, having lunch. I walked from Shakti Vihar all the way along Yoga Arogya, and it seemed like an endless journey. It is a long path, but it seemed endless. I just looked at him and he looked at me – and he saw everything. I was in a haze, but I knew he saw things I did not know existed.

The next day I was called to the Kutir, and I met Sri Swamiji. I told him of what I was doing in Kolkata; I was studying Sanskrit at the time. He asked, "So how do you study Sanskrit?" I told him about the books and the grammar, and he said, "All rubbish, all rubbish, all rubbish! The only way to study Sanskrit is with the *Bhagavad Gita*." I said, "Yes, yes, yes, yes."

And that was it. The end of the Sanskrit story is that when I got back to Kolkata and to my Sanskrit class, all the students had a photocopy of Chapter 2 of the *Bhagavad Gita* on their tables! For the next few weeks, we translated that chapter word by word.

When I came to Ganga Darshan in 2008, my first seva was reading talks and satsangs by Sri Swamiji, mainly from his travels overseas and in India. Going through that material, I realized that for almost fifteen years before our first meeting, our paths had crossed maybe ten or twenty times. We had been in the same places, either at the same time or we had just missed each other.

It was an amazing experience to know that our paths had crossed so many times in the strangest places. This gave me an insight that there is more to it than an actual physical encounter. And that experience has continued after the mahasamadhi, it just goes on, body or no body.

Sri Swamiji exemplified divinity. That is his inspiration in my life. And that divinity is inseparable from the person, from the teaching, from his being, from his life. It is just one expression of Satyam-Shivam-Sundaram. He has shown me to look for it everywhere. I see this embodiment of divinity in all the three masters of our tradition, Sri Swamiji, Swami Sivananda and Swamiji. For me, they embody that possibility of living Satyam-Shivam-Sundaram. ■



# Sadhana for Practising Atmabhava

*In remembrance of Sri Swamiji, following is a meditation to live one his most cardinal teachings: atmabhava.*



Sri Swamiji said once, "I have practised every form of yoga, from the Himalayas to Rameshwaram. But ultimately I found that when I began to think about others, God began to think about me." Therefore, let us make a conscious effort to adopt this teaching in our life.

Prepare for meditation, and then for a few moments reflect on the idea of atmabhava: being able to feel as if everyone is your own self. Be aware of how difficult it is to feel this when you are hurt, angry, envious or resentful, or when you feel someone has treated you unjustly. Be aware that it is easier to feel this when you are happy and contented. Be aware of how it is easy to feel atmabhava for those you feel close to and difficult to feel it for those you feel separated from. And be aware that true atmabhava is to feel everyone as your own self, irrespective of your association with them.

In order to walk towards atmabhava, bring to mind someone you dislike. Allow yourself to think of all their negative qualities. Look at their personality again, and think of all their good qualities. Be objective, do the practice as a drashta, without

getting involved. Now look deeper into their personality. Is it possible that they possess every human quality that you can think of, only some are highlighted more and others are highlighted less? Is it possible that they contain ego, love, hate, compassion, anger, peace – everything, for that is the basic human blueprint? Now go even deeper into their personality, until you reach the core where no negativity exists, where all positive qualities have fused into the form of a flame. Let their outer personality drop; let the face, the form, the negativities drop, instead see their *jyoti swaroopa*, the inner flame.


Now bring to mind someone you like, and think of all their good qualities. And then think of their negative qualities. Then go deeper into their personality to see that they too contain every human quality possible. And then go deeper to see the luminous flame within them.

Now be aware of your own self. And see all your negative qualities . . . see all your positive qualities . . . and become aware of how you possess every human quality possible. Then move deeper within, into that space where the experience of the luminous flame exists. Be aware of nothing but this flame in yourself. At the same time, be aware of the same flame in those you have disliked and in those you have liked, and in everyone else you know. Be aware that this flame is the truth, and all qualities are superficial. You are in the experience of atmabhava.

Now resolve to always connect with everyone with atmabhava, resolve to be open towards everyone, to reach out to them with positivity, to always act out of a wish for their wellness and auspiciousness.

Bring the image of Sri Swamiji to your mind, and thank him for having given this teaching. Thank him for the grace, for the learning, and for the blessings he has filled your life with. And make a promise to him – that you will always live his teachings. That you will always remember.

To end the practice, chant Om three times followed by Shanti Path. ■



# A Veritable Nachiketa

When Swami Sivananda called Swami Satyananda 'a veritable Nachiketa', someone full of the Nachiketas element, it may not have been entirely obvious at that time why he chose this particular title. Vairagya was certainly one of Sri Swamiji's outstanding qualities, but the guru's words are always visionary, and Sri Swamiji proved this.

He exemplified Nachiketa in another way: by practising the panchagni. But not just this. He exemplified Nachiketa in another significant way: he overcame death. His *iccha mrityu*, conscious choice of the time of death, was the real manifestation of his Nachiketa quality, and the highest example of a disciple living his guru's words. And in overcoming death, by being completely conscious in death, all vidyas were revealed to him. This is the highest panchagni, and the real vidya that Nachiketa also received. Like Nachiketa, Sri Swamiji remained conscious in the realm of death, and like Nachiketa he received the knowledge that no ordinary mortal has received. In receiving this knowledge, he became universal.

*—Swami Niranjanananda Saraswati*

ॐ

26th July 1954

Few would have such Vairagya at such a young age. Swami Satyanandaji is full of the Nachi Ketas-element. Yet, any work that he takes up he will complete in a perfect manner. He does the work of four people and yet never Complains. He is a versatile genius and a linguist too. Yet, he is humble and simple – an ideal Sadak and Nish Kamya Sevak. He is a pillar of the Divine Life Mission.


May God bless him with health, long life, peace, prosperity and Eternal Bliss.


Swami Sivananda

## Yoga Publications Trust

# Mere Aradhya
## My Beloved Guru
## मेरे आराध्य

*Swami Dharmashakti Saraswati*




This collection of inspiring incidents and anecdotes from the life of Sri Swami Satyananda Saraswati is a treasure trove for the sincere seeker. The lives of saints have always been a constant source of inspiration for humanity, and Sri Swamiji is no exception. Even after ascending to the summit of yoga and acquiring the promised fruits thereof, Sri Swamiji did not spend his life in a state of idyllic samadhi, but employed his yogic powers unceasingly and untiringly for the upliftment and betterment of mankind. Through his magnanimous deeds, this incomparable yogi conquered the hearts of millions all over the globe. This book is a personal tribute to the beloved guru from his first disciple, Swami Dharmashakti Saraswati.

**For an order form and comprehensive publications price list, please contact:**

**Yoga Publications Trust**, Garuda Vishnu, PO Ganga Darshan, Fort, Munger, Bihar 811201, India
Tel: +91-6344 222430 , Fax: +91-6344 220169

A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request.

**हरि ॐ**

सत्य का **आवाहन** एक द्वैभाषिक, द्वैमासिक पत्रिका है जिसका सम्पादन, मुद्रण और प्रकाशन श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती के संन्यासी शिष्यों द्वारा स्वास्थ्य लाभ, आनन्द और प्रकाश प्राप्ति के इच्छुक व्यक्तियों के लिए किया जा रहा है। इसमें श्री स्वामी शिवानन्द सरस्वती, श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती एवं स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती की शिक्षाओं के अतिरिक्त संन्यास पीठ के कार्यक्रमों की जानकारियाँ भी प्रकाशित की जाती हैं।

**सम्पादक** – स्वामी योगमाया सरस्वती
**सह-सम्पादक** – स्वामी शिवध्यानम् सरस्वती

संन्यास पीठ, द्वारा-गंगादर्शन, फोर्ट, मुंगेर 811201, बिहार, द्वारा प्रकाशित।

थॉमसन प्रेस इण्डिया लिमिटेड, हरियाणा में मुद्रित।

© Sannyasa Peeth 2016

पत्रिका की सदस्यता एक वर्ष के लिए पंजीकृत की जाती है। देर से सदस्यता ग्रहण करने पर भी उस वर्ष के जनवरी से दिसम्बर तक के सभी अंक भेजे जाते हैं। कृपया आवेदन अथवा अन्य पत्राचार निम्नलिखित पते पर करें –

**संन्यास पीठ**
पादुका दर्शन,
पी.ओ. गंगा दर्शन,
फोर्ट, मुंगेर, 811201,
बिहार, भारत


अन्य किसी जानकारी हेतु स्वयं का पता लिखा और डाक टिकट लगा हुआ लिफाफा भेजें, जिसके बिना उत्तर नहीं दिया जायेगा।

---

*कवर:* श्री स्वामी सत्यानन्द संन्यास दिवस 2016, गंगा दर्शन, मुंगेर

*अन्दर के रंगीन फोटो* : 1-3: श्री स्वामी सत्यानन्द संन्यास दिवस; 4-7: श्री स्वामी सत्यानन्द जन्मदिवस तथा क्रिसमस 2016; 8: स्वामी निरंजनानन्द और धर्मा

• Registered with the Registrar of Newspapers, India
Under No. BIHBIL/2012/44688



## Sannyasa Peeth Events & Training 2017

| | |
|---|---|
| *Jul 19 2016–Jul 9* | Sannyasa Experience (for nationals) |
| *Jan 1* | Akhanda Path of 108 Hanuman Chalisa |
| *Jan 28–Feb 5* | Adhyatma Samskara Sadhana (for nationals) |
| *Jun 24–Jul 2* | Adhyatma Samskara Sadhana (for nationals) |
| *Jul 5–8* | Guru Poornima Satsang program (Hindi/English) |
| *Jul 9* | Guru Paduka Poojan (Hindi/English) |
| *Jul 9–Jul 9 2018* | Sannyasa Experience (for nationals) |
| *Jul 10–Sep 6* | Chaturmas Anusthana (for nationals) |
| *Jul 11–Aug 10* | Vanaprastha Sadhana Satra I |
| *Aug 15–Sep 13* | Vanaprastha Sadhana Satra II |
| *Sep 8–12* | Sri Lakshmi-Narayana Mahayajna (Hindi/English) |

***For more information on the above events, contact:***

Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger, Bihar 811201, India
Tel: +91-06344-222430, 06344-228603, Fax: +91-06344-220169
Website: www.biharyoga.net
✉ A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request